प्रदेश के 100 बिस्तिर से अधिक क्षमता वाले 31 नागरिक अस्पतालों में मुहैया होगी केटरिंग सेवा

चर्चा में क्यों?

24 फरवरी, 2022 को हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को राज्य के 100 बिस्तिर से अधिक क्षमता वाले 31 नागरिक अस्पतालों में केटरिंग की सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये, ताकि मरीज़ों को अस्पतालों में ही भोजन मुहैया हो सके।

प्रमुख बिंदु

- बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को राज्य के नागरिक अस्पतालों में प्राईवेट कमरों की संख्या बढ़ाने और स्वास्थ्य विभाग के पैरामेडिकल स्टाफ व डॉक्टरों को विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिये।
- स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हरियाणा के नागरिक अस्पतालों को एयरकंडीशन बनाने का प्रयास जारी है तथा अस्पतालों में ऑक्सीजनयुक्त बिस्तिरों की संख्या को बढ़ाने के लिये अधिकारियों को निर्देश दिये गए हैं।
- गुरुग्राम, हिसार व करनाल में अत्याधुनिक तकनीक से लैस नागरिक अस्पतालों को तैयार किया जाएगा, जिस पर कार्यवाही जारी है।
- प्रदेश के किसी भी नागरिक को उपचार के लिये राज्य से बाहर न जाना पड़े, इसके लिये प्रदेश में उच्च गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सुविधाएँ नागरिकों को उपलब्ध कराई जाएंगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/catering-services-in-civil-hospitals